आइआइएम रांची और इडीआइआइ अहमदाबाद के बीच एमओयू हुआ

रांची. आइआइएम रांची और इंटप्रेन्योरिशप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (इडीआइआइ) अहमदाबाद के साथ एमओयू किया गया है. इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को इंटरप्रेन्योरिशप के लिए तैयार करना है. इसके लिए संस्थान के शिक्षक विद्यार्थियों का काउंसेलिंग व मार्गदर्शन करेंगे. युवाओं को स्टार्टअप में मदद पहुंचाना है. साथ ही आइआइएम रांची में इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना करना है. दोनों संस्थाएं मिल कर सर्टिफिकेट कोर्स भी चलायेंगी. एक्सचेंज डेवलपमेंट प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जायेगा. मौके पर आइआइएम के अध्यक्ष पीएस पांड्या, आइआइएम रांची के निदेशक डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह, इडीआइआइ के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला और डॉ एम कांबले मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 16.06.2020, Pg. 5